an>

title: Regarding opening of a SAI Training Centre at Satna.

श्री गणेश सिंह (सतना) : महोदय, खिलाड़ियों से जुड़ा हुआ एक बहुत ही महत्वपूर्ण विषय मैं आपके सामने रख रहा हूं।

2 दिसम्बर, 2014 को तारांकित पृश्न संख्या 121 में मैंने अपने संसदीय क्षेतृ सतना में खेल-कूद सम्बन्धित इंफ्रास्ट्रक्चर और पृशिक्षण सुविधा देने हेतु पूरक पृश्न पूछा था। जिसके जवाब में मंतृी जी ने आश्वस्त किया था कि सतना में खेल-कूद को बढ़ावा देने के लिए और पृतिभावान खिलाड़ियों की खोज करने एवं उनको पृशिक्षण देने के लिए एसएआई पृशिक्षण केन्दृ खोला जाएगा, किन्तु अभी तक इस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। मैं आपके माध्यम से माननीय मंतृी जी का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराना चाहता हूं और उन्होंने यहां पर जो आश्वासन किया था, उसे पूरा करें ऐसा निवेदन करता हूं।